महत्वपूर्ण

संख्या-21/2015/463/78-2-2015-65आई.टी./2013

प्रेषक,

जी0एस0 प्रियदर्शी,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

सचिव,
संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय,
इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग,
भारत सरकार।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु-2 लखनऊ:दिनांक: 10 अप्रैल, 2015

विषय:- डिजिटल साक्षरता अभियान के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने अर्द्ध शा0प0 संख्या-एल-14015/38/2014-एचआरडी दिनांक 04.02.2015 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें लगभग 50 लाख लोगों को डिजिटली लिट्रेट बनाने का लक्ष्य है एवं इसके अतिरिक्त पूरे देश के समस्त आगनवाडी कार्यकर्ताओं को भी इस कार्यक्रम के माध्यम से डिजिटली लिट्रेट बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिये सी.एस.सी.-ई-गवर्नेन्स सर्विसेज इण्डिया लिमिटेड को नोडल एजेन्सी नामित किया गया है।

2. इस संबंध में अवगत कराना है कि उक्त प्रकरण पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु यू.पी. इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड को विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-99/78-2-2015-65आई.टी./2013 दिनांक 05 फरवरी, 2015 के द्वारा उपरोक्त कार्य हेतु स्टेट इम्प्लीमेन्टिग एजेन्सी नामित किया जा चुका है।

भवदीय,

(जी0एस0 प्रियदर्शी)
विशेष सचिव

संख्या:21/2015/463(1)/78-2-2015 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग।
2. प्रबन्ध निदेशक, यूपीएलसी, अशोक मार्ग, लखनऊ।
3. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(महेन्द्र प्रसाद भारती)
अनु सचिव

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in